दिन–सोमवार | दिनांक– 10/06/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंत्रियों के बीच किया विभागों का बटवारा। राजनाथ सिंह रक्षा और अमित शाह के पास गृह मंत्रालय बरकरार।

02. जीतनराम मांझी को एमएसएमई विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई।

03. भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभालते ही पीएम किसान सम्मान निधि की सत्रहवीं किस्त जारी की।

04. और, राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकांश भाग भीषण गर्मी और लू की चपेट में। मौसम विभाग ने अगले पाँच दिनों तक मौसम में कोई परिवर्तन नहीं होने की संभावना जताई है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मंत्रियों के बीच विभाग का बटवारा कर दिया है। राजनाथ सिंह को रक्षा विभाग सौंपा गया है जबकी अमित शाह को गृह विभाग की जिम्मेवारी सौंपी गई है। निर्मलासीता रामन को एक बार फिर वित्त मंत्रालय का प्रभार दिया गया है। इसी तरह एस. जयशंकर विदेश मंत्रालय में बने रहेंगे नितीन गडकरी को सड़क परिवहन विभाग दिया गया है। शिवराज सिंह चौहान नये कृषि मंत्री होंगे। जीतनराम मांझी को सुक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय प्रदान किया गया है।

---

श्री नरेंद्र मोदी ने आज तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद भार संभालते ही किसान सम्मान निधि की सत्रहवीं किस्त जारी की है। ये किस्त नौ करोड़ तीस लाख किसानों को लगभग बीस हजार करोड़ रुपये का लाभ पहुंचाएगी। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार का पहला निर्णय, किसानों के कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में उनकी सरकार, कृषि क्षेत्र और किसान कल्याण के लिए और प्रतिबद्धता से कार्य करेगी।

———बाईट———

पीएम–किसान योजना की शुरुआत 2019 में की गई थी। इस योजना का उद्देश्य, देश भर के सभी भूमिधारक किसान परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत सभी पात्र किसान परिवारों को, प्रति वर्ष छह हजार रुपये का वित्तीय लाभ प्रदान किया जाता है। यह राशि किसानों को दो–दो हजार रुपये की तीन किश्तों में दी जाती है। पीएम किसान योजना के तहत, शत–प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार द्वारा, सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जाती है। इस योजना से अब तक 11 करोड़ से अधिक किसान परिवारों को लाभ हुआ है और उनके बैंक खातों में तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशी भेजी जा चुकी हैं। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

————————————————————————

दरभंगा के किसान शंभूनाथ मिश्र ने कहा कि किसान सम्मान योजना से उन्हें खेती करने में आर्थिक मदद मिल रही है।

———बाईट———

इधर, मुंगेर के मनीष कुमार ने किसान सम्मान योजना के लिए प्रधानमंत्री को शुभकामना देते हुए कहा कि इस योजना से किसानों को काफी फायदा पहुंच रहा है।

———बाईट———

————————————————————————

प्रधानमंत्री को सोशल मीडिया पोस्ट में बधाई संदेश मिल रहे हैं। एक संदेश में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि कनाडा दोनों देशों के लोगों के बीच मानवाधिकारों, विविधता और कानून के शासन पर आधारित संबंधों को आगे बढ़ाने के

लिए भारत सरकार के साथ काम करने के लिए तैयार है। वहीं, फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो ने कहा कि वे अपने संबंधों का विस्तार जारी रखने और लोगों की भलाई के लिए मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं। उधर, स्लोवेनिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट गोलोब ने कहा कि वे दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सहयोग करने के लिए तत्पर हैं। इधर, युगांडा के राष्ट्रपति योवेरी के मुसेवेनी ने कहा कि अफ्रीका के लोग भारतीयों के साथ समान आकांक्षाएं और लक्ष्य साझा करते हैं। दोनों देश अपने नागरिकों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे। इस बीच माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स ने कहा कि श्री मोदी ने स्वास्थ्य, कृषि, महिला नेतृत्व वाले विकास और डिजिटल परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में वैश्विक प्रगति के लिए नवाचार के स्रोत के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत किया है।

---

इससे पहले कल श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत उनके तीसरे कार्यकाल में क्षेत्र की शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए काम करना जारी रखेगा। श्री मोदी ने क्षेत्र में लोगों के बीच प्रगाढ संबंध और संपर्क बढाने का आह्वान किया। उन्होंने कल रात राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण समारोह के बाद भारत के पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के नेताओं से भेंट के दौरान यह बात कही। प्रधानमंत्री ने इन नेताओं को

धन्यवाद देते हुए पड़ोसी प्रथम नीति और सागर दृष्टिकोण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। श्री मोदी ने कहा कि भारत अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में अर्द्ध विकसित और विकासशील देशों की आवाज बुलंद करना जारी रखेगा। समारोह में मॉलदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगनौथ, भूटान के प्रधानमंत्री छेरिंग तोबगे और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ शामिल हुए।

———————————————————

निर्वाचन आयोग ने पूर्णियां जिला के रूपौली विधानसभा सीट पर होने वाले उप–चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। मतदान अगले महीने की दस तारीख को होगा और मतगणना तेरह जुलाई को होगी। यह सीट जदयू की विधायक बीमा भारती के इस्तीफे के कारण रिक्त हुई है।

———————————————————

राष्ट्रीय जनता दल ने पार्टी के वरिष्ठ नेत्री मीसा भारती को पार्टी के संसदीय दल का नेता बनाया है। पार्टी अध्यक्ष लालू प्रसाद के अध्यक्षता में हुई बैठक में यह

निर्णय लिया गया। इधर, जदयू के वरिष्ठ नेता नीरज कुमार ने लालू प्रसाद पर परिवारवाद बढ़ाने का आरोप लगाया है।

———————————————————

आईआईटी में दाखिले के लिए आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा– जेईई–एडवांस का परिणाम जारी कर दिया गया है। परीक्षा में दिल्ली जोन के वेद लाहोटी ने देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। इधर, पटना के अनिकेत गुवाहाटी जोन में दूसरे स्थान पर रहे हैं, जबकि मुजफ्फरपुर के प्रथम कुमार ने पांचवां स्थान प्राप्त किया है। इस परीक्षा में बिहार से तेरह हजार पांच सौ अट्ठासी अभ्यर्थियों में से आठ सौ से अधिक अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल की है। परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद आईआईटी और एनआईटी में प्रवेश के लिए होने वाली ज्वाइंट सीट एलोकेशन सिस्टम– जोसा काउंसलिंग आज से शुरू हो रही है। काउंसलिंग अठारह जून तक जारी रहेगी।

———————————————————

आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी –एन टी ए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह के साथ नीट परिणाम दो हजार चौबीस पर परिचर्चा

प्रसारित करेगा। यह कार्यक्रम आज शाम एफएम गोल्ड चौनल पर सात बजकर दस मिनट पर सुर्खियों में और नौ बजकर पंद्रह मिनट पर स्पोटलाईट पर प्रसारित होगा।

———————————————————————

राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकांश भाग भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। पछुआ हवा के प्रभाव से लोगों को सुबह से ही उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकांश स्थानों पर तापमान बयालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया है। इस अवधि में छियालीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। पटना का अधिकतम तापमान तैंतालीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस सीजन में पटना का यह अधिकतम तापमान है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान बांका, नालंदा और शेखपुरा सहित कई जिलों में भीषण लू की स्थिति बनी रहेगी।

———बाईट———

वहीं, राजधानी पटना, गया और नालंदा जिलों के कुछ स्थानों पर रात में भी मौसम के गर्म रहने की सम्भावना है। विभाग के अनुसार अगले पाँच दिनों तक राज्य के मौसम में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

——————————————————————

इधर, राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कई स्थानों पर आज सुबह हल्की बूंदा–बांदी हुयी है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि अररिया, पूर्णिया और किशनगंज जिले में हल्की बूंदा–बांदी होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

——————————————————————

बिहार के पैक्स और सहकारी बैंकों की भविष्य में भूमिका को लेकर आज बोधगया स्थित महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र में एक कार्य़शाला का आयोजन किया गया । इस मौके पर सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि भविष्य में पैक्स संचालकों को कॉमन सर्विस सेंटर, जन औषधि केंद्र, पेट्रोल पंप, रसोई गैस एजेंसी जैसे नये केंद्रों का संचालन करना है। श्री कुमार ने कहा कि इसके लिए नेटवर्क को मजबूत करना होगा और सारी बुनियादी आवश्यकताओं पर ध्यान देना होगा।

———बाईट———

——————————————————————

गोपालगंज पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर बारह साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से सात लैपटॉप, बयालीस मोबाइल फोन, पचहत्तर सिमकार्ड और सोलह एटीएम कार्ड सहित कई समान बरामद किया है।

सुपौल एसएसबी और पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर सैंतालीस किलो गांजे के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

गर्मी के अवकाश के बाद स्कूल खुलने पर शेखपुरा के विद्यालयों में प्रचंड गर्मी की प्रभाव से लगभग पच्चीस छात्र एवं छात्राओं चक्कर आकर बेहोश हो गए है।

पटना ज़िला के बिहटा में भीषण गर्मी की वजह से एक स्कूल छात्रा की नाक से खून निकलने लगा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंत्रियों के बीच किया विभागों का बटवारा। राजनाथ सिंह रक्षा और अमित शाह के पास गृह मंत्रालय बरकरार।

02. जीतनराम मांझी को एमएसएमई विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई।

03. भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभालते ही पीएम किसान सम्मान निधि की सत्रहवीं किस्त जारी की।

04. और, राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकांश भाग भीषण गर्मी और लू की चपेट में। मौसम विभाग ने अगले पाँच दिनों तक मौसम में कोई परिवर्तन नहीं होने की संभावना जताई है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।